# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (05.03.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 05.03.2025, PAGE-06**

### दूसरी लिस्ट में 3651 छात्रों के नाम, 10 मार्च तक होगा दाखिला

# पीजी की दूसरी मेरिट लिस्ट जारी, आज से नामांकन

**बीआरएबीयू**

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में मंगलवार को पीजी में दाखिले के लिए दूसरी मेरिट लिस्ट जारी की गई। लिस्ट में 3651 विद्यार्थियों के नाम हैं। पांच से 10 मार्च तक विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे। दाखिला लेने के लिए डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने सभी कॉलेजों के प्राचार्यों और विभागाध्यक्षों को पत्र लिख दिया है।

दूसरी मेरिट लिस्ट में गणित विषय में सबसे अधिक 72 प्रतिशत कटऑफ गया है। यह कटऑफ आरएन कॉलेज में गया है। मेरिट लिस्ट कॉलेज वार और विषय वार जारी किया गया है। लिस्ट रोस्टर के अनुसार किया गया है। पहली मेरिट लिस्ट में 10 हजार 885 छात्रों का चयन किया गया था, जिनमें 6600 छात्रों ने दाखिला लिया था। दूसरी लिस्ट के बाद सीट बचने पर तीसरी मेरिट लिस्ट भी जारी की जायेगी।

**एलएस कॉलेज में कामर्स में 67 प्रतिशत गया कटऑफः** एलएस कॉलेज में दूसरी मेरिट लिस्ट में कॉमर्स विषय में 67 प्रतिशत, भोजपुरी में 64.63 प्रतिशत, बॉटनी में 66 प्रतिशत, केमेस्ट्री में 65.38 प्रतिशत, इकोनॉमिक्स में 58.5 प्रतिशत, इंगलिश में 61.38 प्रतिशत, हिन्दी में 62 प्रतिशत, इतिहास में 60.75 प्रतिशत, फिजिक्स में 69 प्रतिशत कटऑफ गया है। एमडीडीएम कॉलेज में बॉटनी में 65.63 प्रतिशत, केमेस्ट्री में 62.13, प्रतिशत, इंगलिश में 61.13 प्रतिशत, हिन्दी में 61 प्रतिशत, गणित में 64.13 प्रतिशत, जूलॉजी में 71 प्रतिशत कटऑफ गया है। नीतीश्वर कॉलेज में समाजशास्त्र में 60.38 प्रतिशत कटअफ गया है। आरबीबीएम में हिन्दी में 61 प्रतिशत, हिस्ट्री में 60 प्रतिशत, होम साइंस में 66.38 प्रतिशत, साइकोलॉजी में 64 प्रतिशत कटऑफ गया है।

आरडीएस कॉलेज में प्राचीन भारत में 60.38 प्रतिशत, बॉटनी में 65 प्रतिशत केमेस्ट्री में 64.88 प्रतिशत, कॉमर्स में 67.38 प्रतिशत, इकोनॉमिक्स में 60.13 प्रतिशत, इंगलिश में 61.38 प्रतिशत, हिन्दी में 63.38 प्रतिशत, गणित में 69.5 प्रतिशत कटऑफ गया है। रामेश्वर कॉलेज में कॉमर्स में 65.88 प्रतिशत कटऑफ गया है। कॉलेजों के अलावा बॉटनी विभाग में 66.13 प्रतिशत, केमेस्ट्री विभाग में 66 प्रतिशत, कॉमर्स विभाग में 68 प्रतिशत, अर्थशास्त्र विभाग में 60.75 प्रतिशत, अंग्रेजी विभाग में 63 प्रतिशत, भूगोल विभाग में 67 प्रतिशत, हिन्दी विभाग में 63.11 प्रतिशत, इतिहास विभाग में 61.5 प्रतिशत कटऑफ गया है।

### 34 साल बाद फार्मेसी का डिग्री सत्यापन

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में फार्मेसी के छात्रों की डिग्री का सत्यापन 34 साल के बाद किया गया। फार्मेसी काउंसिल ने 90 छात्रों की डिग्रियों को सत्यापन के लिए विवि के पास भेजी थीं। जिन छात्रों की डिग्रियां भेजी गई हैं, वे एमआईटी के हैं। इन छात्रों का कहना है कि वह कई दिनों से डिग्री सत्यापन के लिए आवेदन दे रहे थे। आवेदन के बाद इन छात्रों की डिग्रियो को सत्यापन के लिए विवि भेजा गया था। जिन छात्रों की डिग्री सत्यापन के लिए आई है, उनमें से कई विदेशों में रह रहे हैं और वहीं नौकरी कर रहे हैं। बीआरएबीयू सूत्रों ने बताया कि जो डिग्रियां आई थीं, उनमें वर्ष 1990 से लेकर 2005-06 तक के थे। इन डिग्रियों के सत्यापन नहीं होने से छात्रों को कई बार नौकरियों में भी परेशानी हो रही थी। छात्रों का कहना था कि डिग्रियों का सत्यापन परीक्षा पास करने के बाद ही हो जाना चाहिए था, लेकिन अबतक यह डिग्री सत्यापित नहीं हुई थी। जो छात्र विदेशों में रह रहे हैं, उन्हें सबसे ज्यादा नौकरियों में परेशानी हो रही थी। उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. रेणु बाला ने बताया कि सभी डिग्रियों का सत्यापन कर भेज दिया गया है। सभी डिग्रियां सही पाई गईं।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:05.03.2025, PAGE-06

# पीजी में नामांकन की दूसरी लिस्ट जारी

## दूसरी मेधा सूची में 3600 विद्यार्थियों के नाम, वेबसाइट पर अपलोड हुआ कटआफ

- कुलपति के मौखिक आदेश के बाद नामांकन की तिथि जारी
- पहली सूची के आधार पर 6600 विद्यार्थियों ने लिया था नामांकन



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी कोर्स में नामांकन के लिए दूसरी मेधा सूची जारी हो गई है। करीब 3600 सीटों पर नामांकन के लिए दूसरी मेधा सूची जारी की गई है। इस आधार पर कालेजों और पीजी विभागों में बुधवार से 10 मार्च तक विद्यार्थी नामांकन लेंगे। कुलपति प्रो. डीसी राय के मौखिक आदेश के बाद पीजी कोर्स में नामांकन की तिथि जारी की गई है। पीजी विभागों से लेकर कालेजों में नामांकन के लिए विषयवार कटआफ पोर्टल पर अपलोड किया गया है। ज्यादातर विषयों में कटआफ बहुत नीचे नहीं आया है। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने बताया का नामांकन के लिए दूसरी मेधा सूची जारी कर दी गई है। पहली मेधा सूची के आधार पर करीब 6600 विद्यार्थियों ने नामांकन लिया था। इसके बाद रिक्त सीटों को मिलाकर दूसरी सूची जारी की गई है।

**दस्तावेज की जांच के बाद ही नामांकन लेंगे विभाग और कालेज :** विश्वविद्यालय की ओर से सभी पीजी विभागाध्यक्षों से लेकर कालेजों के प्राचार्यों को निर्देश जारी कर बताया गया है कि छात्र-छात्राओं के दस्तावेज की जांच के बाद ही उनका नामांकन करेंगे। पहली मेधा सूची में कई विद्यार्थियों को नामांकन के लिए कालेज का आवंटन किया गया था, लेकिन उनका नामांकन पीजी विभाग में हो गया था। इसके बाद विभाग से फोन कर विद्यार्थियों के नाम को काटने की धमकी दी जा रही थी। इसके बाद विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय पहुंचकर इसकी शिकायत की थी।

**इंटीग्रेटेड बीएड के छात्रों पर अब तक स्पष्ट निर्देश नहीं :** चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स की पढ़ाई के बाद पीजी में नामांकन का इंतजार कर रहे विद्यार्थियों के लिए अब तक कोई स्पष्ट निर्देश जारी नहीं किया गया है। ऐसे में उन्हें पीजी में नामांकन के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। बताया जा रहा है कि कालेज और पीजी विभाग बगैर अधिसूचना जारी हुए ऐसे विद्यार्थियों का नामांकन नहीं लेंगे। दूसरी ओर पिछले दिनों नामांकन समिति की बैठक में बीए- बीएड और बीएससी बीएड के विद्यार्थियों को संबंधित विषय में नामांकन लिए जाने पर सहमति बनी थी।

**अधिकतम विषयों में 20 अंक नीचे आया कटआफ :** कई विषयों के कटआफ में 20 की कमी आई है। बाटनी में अधिकतम कटआफ 66, केमिस्ट्री में 66, कामर्स में 68, अर्थशास्त्र में 60.75, भूगोल में 67, हिंदी में 63, इतिहास में 61.5, होमसाइंस में 66.38, भौतिकी में 70.25, राजनीति विज्ञान में 60.63, मनोविज्ञान में 65.88 पहुंचा है। वहीं कुछ विषयों में बहुत ही कम कटआफ नीचे आया है।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 05.03.2025, PAGE-04

### डॉक्यूमेंट्स की जांच के बाद छात्र-छात्राओं का होगा एडमिशन

# पीजी के लिए दूसरी मेरिट लिस्ट जारी, 10 तक ले सकते हैं नामांकन

उपमुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी सत्र 2024-26 के लिए सेकेंड मेरिट सूची मंगलवार को जारी कर दी गयी है. इसमें शामिल छात्र-छात्राओं का आवंटित विभाग या कॉलेज में पांच से 10 मार्च तक एडमिशन होगा. विश्वविद्यालय की ओर से पहले सेकेंड मेरिट सूची के लिए विषयवार रोस्टर के अनुसार कट ऑफ तय करके पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया. साथ ही सभी विभागाध्यक्ष व संबंधित कॉलेज के प्राचार्यों को कहा गया है कि मेरिट लिस्ट में शामिल अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट्स की जांच करके ही एडमिशन की प्रक्रिया पूरी करेंगे. पीजी विभाग से लेकर कॉलेज तक कुल साढ़े 11 हजार सीट निर्धारित है. पहली मेरिट सूची से करीब 6600 सीटों पर एडमिशन हुआ है. वहीं तीन हजार से अधिक सीटों के लिए सेकेंड मेरिट सूची जारी की गयी है. डीएसडब्ल्यू प्रो आलोक प्रताप सिंह ने सभी पीजी विभागों के अध्यक्ष व संबंधित कॉलेजों के प्राचार्य को पत्र भेजकर निर्धारित अवधि में एडमिशन की प्रक्रिया पूरी करने को कहा है. साथ ही स्पष्ट किया है कि सभी डॉक्यूमेंट्स की जांच करके ही



एडमिशन लेंगे.

दरअसल, पहली मेरिट सूची के आधार पर एडमिशन के दौरान कई विभागों से तमाम तरह की अनियमितता की शिकायतें मिली थी. बताया गया कि बगैर जांच-पड़ताल के ही विभाग और कॉलेज एडमिशन ले रहे हैं, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा. यहां तक कि एक छात्रा को एलएस कॉलेज आवंटित किया गया था. जानकारी के अभाव में छात्रा विश्वविद्यालय के पीजी विभाग में चली गयी और विभाग में उसका एडमिशन ले लिया गया. एक सप्ताह बाद उससे कहा गया कि एडमिशन रद्द होगा, जिससे वह परेशान होकर विभाग और विश्वविद्यालय का चक्कर लगाने लगी. सही तरीके से जांच कर एडमिशन का निर्देश दिया गया है.

इस खबर को वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यू आर स्कैन करें.

## स्नातक थर्ड सेमेस्टर के लिए एक सप्ताह बढ़ेगी परीक्षा फॉर्म की तिथि

### छात्र-छात्राओं का रिजल्ट क्लियर नहीं होने के कारण कॉलेजों ने मांगा समय

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक सत्र 2023-27 के थर्ड सेमेस्टर के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि एक सप्ताह बढ़ायी जायेगी. अभी पांच मार्च तक का समय दिया गया है. कई छात्र-छात्राओं का रिजल्ट क्लियर नहीं होने के कारण कॉलेजों की ओर से और समय देने का अनुरोध किया गया है. कहा गया है कि फर्स्ट और सेकेंड सेमेस्टर में 28 क्रेडिट जरूरी है. ऐसे में रिजल्ट में सुधार के बाद ही क्रेडिट स्कोर निकल सकेगा. विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि कुलपति की अनुमति के बाद तिथि विस्तारित करके अधिसूचना जारी की जायेगी. थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में 1.10 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं के शामिल होने की उम्मीद है. इसी के आधार पर परीक्षा विभाग ने केंद्र निर्धारित सहित अन्य तैयारियां शुरू कर दी है. परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि में दूसरी बार विस्तार किया जायेगा. पहले 20 फरवरी तक का समय दिया गया था. इस दौरान कॉलेजों में बिहार बोर्ड की इंटरमीडिएट और मैट्रिक की परीक्षा चल रही थी, जिसके कारण फॉर्म नहीं भरा सका. 25 फरवरी को बोर्ड की परीक्षा खत्म होने के बाद कॉलेजों में फॉर्म भरवाया जा रहा है. विश्वविद्यालय की ओर से सभी अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों को स्पष्ट कहा गया है कि जिन छात्र-छात्राओं का दोनों सेमेस्टर में क्रेडिट 28 या इससे अधिक हो, उनको ही थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाये. परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान ने बताया कि स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा होली के बाद शुरू होगी. इसको लेकर तैयारी चल रही है. अभी कॉलेजों में परीक्षा फॉर्म भरवाया जा रहा है. होली की छुट्टी से पहले परीक्षा फॉर्म भरवाने के साथ ही केंद्र भी फाइनल कर लिया जायेगा.

# मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के पोर्टल पर 1.36 लाख छात्राओं का रिजल्ट अपलोड

### जरूरी डॉक्यूमेंट्स के साथ छात्राएं करेंगी आवेदन, खाते में आयेंगे 50 हजार रुपये

उपमुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर

मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के नये पोर्टल पर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय से चार सत्र में स्नातक उत्तीर्ण करीब 1.36 लाख छात्राओं का रिजल्ट अपलोड कर दिया गया है. अब विभाग की ओर से आवेदन के लिए पोर्टल खोला जायेगा. जिन छात्राओं का रिजल्ट पोर्टल पर अपलोड हो चुका है, वे जरूरी डॉक्यूमेंट्स के साथ ही ऑनलाइन आवेदन करेंगी.

आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही विभाग की ओर से 50-50 हजार रुपए छात्राओं के खाते में भेजे जायेंगे. वहीं, किसी छात्रा का रिजल्ट अपलोड नहीं हुआ है, तो उसे मार्कशीट सहित अन्य डॉक्यूमेंट विश्वविद्यालय में जमा करना होगा. विभाग रिजल्ट अपलोड करने के लिए पोर्टल खोलेगा, तो विश्वविद्यालय के स्तर से रिजल्ट अपलोड कर दिया जायेगा. विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि छात्राएं पोर्टल पर अपना स्टेट्स देख सकती हैं. स्टेट्स में रिजल्ट अपलोड नहीं दिखा रहा, तो आवेदन देना होगा. एक सौ से अधिक छात्राओं ने अब तक डीएसडब्ल्यू कार्यालय में आवेदन दिया है.

उनसे कहा गया है कि विभाग रिजल्ट अपलोड करने के लिए पोर्टल खोलेगा, तो उनका नाम जुड़ जाएगा. सत्र 2021-24 तक कुल 1.36 लाख छात्राओं का रिजल्ट नये पोर्टल पर अपलोड किया गया है. इसमें करीब 35 हजार पुरानी छात्राएं हैं.

### पेंडिंग था रिजल्ट, क्लियर कराकर आवेदन दे रहीं छात्राएं

स्नातक सत्र 2021-24 का रिजल्ट पिछले साल दिसंबर में जारी हुआ था. इसमें कई छात्राओं का रिजल्ट पेंडिंग हो गया था, जिसके कारण विश्वविद्यालय स्तर से उनका रिजल्ट पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जा सका. जनवरी तक पोर्टल खुला था. इसके बाद कई छात्राओं का रिज्ल्ट क्लियर हो सका, तब तक पोर्टल बंद हो गया था. छात्राओं का कहना है कि विश्वविद्यालय की गलती से रिजल्ट पेंडिंग हुआ. परीक्षा में शामिल होने के बाद भी उन्हें अनुपस्थित बता दिया गया था. इसके बाद सुधार मे समय लग गया. वहीं, अभी भी कई छात्राएं रिजल्ट क्लियर कराने के लिए चक्कर लगा रही है.